दिनांकः 02.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले पांच साल में राज्य की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की साख को तबाह किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास कार्यों को नहीं रोका जाएगा। श्री मोदी इस समय चित्तौड़गढ़ में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि पेपरलीक मामले से जुड़े लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से नर्मदा का पानी आज राजस्थान के कई जिलों में पहुंच रहा है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने चित्तौड़गढ़ में सात हजार करोड़ रुपये की नौ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गैस आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिससे लोगों को सस्ती गैस उपलब्ध हो सकेगी।

....

प्रधानमंत्री ने लगभग साढ़े चार हजार करोड़ रुपये की लागत से बनी मेहसाणा–बठिंडा–गुरदासपुर गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित की। उन्होंने आबूरोड में एच.पी.सी.एल. के एलपीजी संयंत्र का भी लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग–12 पर दर्रा–झालावाड़–तीनधार खंड फोर लेन सड़क का लोकार्पण किया, जिसका निर्माण एक हजार 480 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से हुआ है। श्री मोदी ने चित्तौड़गढ़–नीमच रेल लाइन दोहरीकरण कार्य और और कोटा–चित्तौड़गढ़ लेन लाइन के विद्युतीकृत से जुड़ी परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत नाथद्वारा में विकसित पर्यटन सुविधाओं का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कोटा में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के स्थायी परिसर का भी उद्घाटन किया।

....

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली के राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। इधर प्रदेश में भी गांधी जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा निवेदित की। श्री मिश्र ने इनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए जन जन को सत्य, अहिंसा और न्याय के साथ ईमानदारी से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का आह्वान किया है। जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सर्वधर्म सभा रखी गयी, जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिरकत की। इस अवसर पर कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। टोंक, करौली, झुंझुनूं और दौसा सहित अन्य जिलों में सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। सभा में गांधी जी के प्रिय भजनों और रामधुन की प्रस्तुतियां हुईं। डूंगरपुर में प्रभातफेरी निकाली गयी। हनुमानगढ़ और भीलवाड़ा में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। सवाईमाधोपुर में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी और आम लोग शामिल हुए। डूंगरपुर नगर परिषद में इस अवसर पर सफाईकर्मियों का सम्मान समारोह रखा गया। समारोह में 130 सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया।

....

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद कर रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जय जवान, जय किसान का प्रतिष्ठित आह्वान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि लाल बहादुर शास्त्री के साहस, सेवा और सादगी को हमेशा याद किया जाएगा।

....

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि आने वाले समय में कर्मचारी चयन आयोग सभी 22 भारतीय भाषाओं में प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का

उद्देश्य उम्मीदवारों को भाषाई बाध्यताओं से परे समान अवसर प्रदान करना है। कल नई दिल्ली में भारतीय भाषा शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि इस निर्णय से स्थानीय युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

....